हिन्दुजा, टाटा, रिलायंस समेत कई बड़ी कंपनियों ने दी मंजूरी

प्रदेश में छह हजार करोड़ से लगेंगे आठ ईवी प्लांट

लखनऊ विशेष संवाददाता। औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने कहा कि राज्य में इलेक्ट्रिक व्हीकल मैन्युफैक्चरिंग प्लांट, चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर, रिचार्जेबल बैटरी निर्माण के लिए कई कंपनियां तैयार हैं। इसके जरिए छह हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव आएं हैं और 8500 लोगों को रोजगार मिलेगा।

इन कम्पनियों ने साइन किए एमओयू

केश योर ड्राइव ईवी पीवीटी लिमिटेड	2000 करोड़	1000 रोजगार
टाटा पॉवर ईवी चार्जिंग सॉल्यूशन	2000 करोड़	100 रोजगार
यूपीग्रीड साल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड	1000 करोड़	1000 रोजगार
सर्वोटिक पॉवर सिस्टम	300 करोड़	100 रोजगार
अडानी टोटल एनर्जी इमोबिलिटी लिमिटेड	100 करोड	500 रोजगार
टेज्सस इलेक्ट्रिक सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड	50 करोड	100 रोजगार
फोर्टम चार्ज एंड ड्राइव इंडिया प्राइवेट लिमिटेड	50 करोड	5000 रोजगार
स्टेटिक- ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर	10 करोड़	50 रोजगार

नंद गोपाल नंदी ने शुक्रवार को इलेक्ट्रिक व्हीकल इकोसिस्टम सृजन को लेकर हुए सम्मेलन में यह बातें कहीं। सम्मेलन में देश की कई प्रतिष्ठित कम्पनियों ने सम्मिलित होते हुए न सिर्फ अपना निवेश प्रस्ताव रखा बल्कि निवेश के लिए एमओयू भी साइन किए। जिन्हें हर सम्भव मदद का वादा किया गया। मंत्री ने कहा कि फरवरी 2023 तक लगभग 4,15,000 ईलेक्ट्रिक व्हीकल के साथ उत्तर प्रदेश ऑन रोड ईवी की संख्या में सबसे अग्रणी राज्य है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2030 तक इलेक्ट्रिक वाहनों के माध्यम से पारम्परिक वाहनों को प्रतिस्थापित करने का विश्वास व्यक्त किया है। इस अवसर पर राज्य मंत्री औद्योगिक विकास जसवन्त सिंह सैनी, राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार परिवहन विभाग दयाशंकर सिंह, आईआईडीसी मनोज कुमार सिंह, एमडी एवं सीईईओ, अशोक लेलैंड शीनू अग्रवाल, विशाल चोपड़ा हेड पब्लिक अफेयर, नायरा एनर्जी, रमन भाटिया एमडी एवं सीईओ सर्वोटिक, महेश बाबू एमडी एवं सीईओ स्वीच मोबैलिटी, ईवी डिवीजन हिन्दुजा ग्रुप, महेश मनी चीफ कॉमर्शियल ऑफिसर अशोक लेलैंड, एसके चड्ढा सीनियर एडवाइजर हिन्दुजा ग्रुप के साथ ही कई कम्पनियों के मालिक मौजूद रहे।